डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | चैत्र शुक्ल पक्ष 11- 2082 | भोपाल, दिन सोमवार, दिनांक 29 मार्च 2026

न्यूज गैलरी

वृहद विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन 29 मार्च को कैरियर कॉलेज में

भोपाल। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर से प्राप्त निर्देशानुसार वृहद विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन 29 मार्च को प्रातः 11:30 बजे कैरियर कॉलेज भोपाल के सभागार में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आमजन को विधिक सहायता की जानकारी प्रदान एवं समस्याओं का निवारण किया जाएगा। विधिक जागरूकता शिविर के लिए नोडल अधिकारी, शासन के विभिन्न विभागों जैसे राजस्व विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, महिला एवं बाल विकास, नगर निगम के स्टॉल एवं आमजन को विधिक सहायता एवं शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा।

विनार ड्रीम सिटी में लिफ्ट गिरी, 3 पर केस

भोपाल। मिसरोद की चौक कॉलोनी विनार ड्रीम सिटी के अर्ट-बाक्स में 28 दिन पहले लिफ्ट गिरने से घायल हुए युवक मनुज फकीट ने शनिवार को थाने में मामला दर्ज कराया है। 20 फरवरी को मनुज छठवीं मंजिल से नीचे आ रहे थे, तभी लिफ्ट अचानक अनियंत्रित होकर नवट से जा गिरी। हादसे में गंभीर चोटें आने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। स्वस्थ होने के बाद अनुज की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर अनवर जमाल, मेंटेनेंस प्रभारी प्रसन्ना और लिफ्ट मेकेनिक नीरज पवार के खिलाफ लापरवाही लापरवाही का मामला दर्ज किया है। लिफ्ट मेकेनिक नीरज ने ही मरम्मत के बाद लिफ्ट को दुरुस्त बताया था।

गलत श्रेणी में बीमा, एजेंट पर केस दर्ज

भोपाल। एमपी नगर पुलिस ने बीमा एजेंट एमडी रिजवान के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोपी ने महज 5 दिनों में अपने पोर्टल से 295 वाहनों की पॉलिसियां गलत श्रेणी में जारी कर कंपनी को चूना लगाया। जांच में सामने आया कि हार्वेस्टर जैसे भारी वाहनों का बीमा भी दोपहिया श्रेणी में किया गया था। इंश्योरेंस कंपनी की स्टेट मैनेजर जसप्रीत वीर की शिकायत के अनुसार, आरोपी का एजेंट कोड 12 सितंबर 2025 को संदिग्ध दस्तावेजों के आधार पर बना था। पुलिस को आशंका है कि इसके पीछे कोई संगठित गिरोह सक्रिय है। फिलहाल आरोपी का कोड ब्लॉक कर जांच शुरू कर दी गई है।

वाराणसी में 31 मार्च सम्मेलन को एमपी-यूपी सहयोग

सम्मेलन से निवेश, निर्यात, ओडीओपी शिल्प और पर्यटन को मिलेगी नई गति

अंतर्राज्यीय सहयोग का नया मॉडल गढ़ेगा एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मप्र सरकार 31 मार्च को वाराणसी में आयोजित होने वाले एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 के जरिए अंतर्राज्यीय सहयोग को एक ठोस, परिणामोन्मुख और वैश्विक दृष्टि से जोड़ने की दिशा में निर्णायक पहल करेगी।

यह सम्मेलन महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत संवाद के साथ ही ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद), जीआई टैग, पारंपरिक शिल्प, निर्यात योग्य उत्पादों, निवेश और पर्यटन को एकीकृत करते हुए एक व्यापक आर्थिक इकोसिस्टम तैयार करने की दिशा में कार्य करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सक्रिय एप्रोचबिलिटी इस नामांकन को नीति-निर्माण सेक्टर सहायक क्रियान्वयन आधारित सहयोग की दिशा में परिवर्तित करेगी, जिससे दोनों राज्यों के बीच विकास का एक सशक्त और दीर्घकालिक मॉडल विकसित होगा। मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के रूपरूपण अवसर से लौटी, जहां आयोजन पहली दिखाकर, अधोसंरचना लोकप्रियता और दीर्घकालीन प्रबंधन

एमओयू से सुदृढ़ होगी व्यापार, निवेश और कौशल विकास की साझेदारी

सम्मेलन में शब्द और उत्तरप्रदेश के बीच एमओयू उपलब्ध किए जाएंगे, जिनमें कनेक्टर के व्यापारिक सहयोग, औद्योगिक निवेश, कौशल विकास, इन्फ्रास्ट्रक्चर और पर्यटन क्षेत्र में साझेदारी को औपचारिक रूप दिया जाएगा। ओडीओपी उत्पादों के बाजार-प्रवेश में लगातीय उत्पादों को नए बाजारों तक पहुंचाने और उत्पादों और वैल्यू चेन में दिशा में ठोस पहल की जाएगी।

इस सम्मेलन उद्योग जगत, निवेशकों, शिल्पकारों, कृषि एवं खुद उत्पादकों और नीति-निर्माताओं को एक व्यापक और समन्वयी मंच प्रदान करेगा, जहां दो पेशेवर प्रोफेशनलों, अधोसंरचना विकास, लॉजिस्टिक्स स्पर्शों और निवेश अवसरों पर गहन चर्चा करेंगे। इससे दो पर्यटन, इन्फ्रास्ट्रक्चर, खाद्य प्रसंस्करण, लॉजिस्टिक्स और पर्यटन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोगिता पर आयोजन को सहयोगी बनाएगी।

प्रमाणित विनिर्माण और कौशल-आधारित प्रशिक्षण के संयुक्त मॉडल को समझने का अवसर प्रदान करेगा।

शिल्पकारों के लिए गंगा-नर्मदा कार्पट कॉरिडोर जैसी अभिनव पहल को मिलेगा बल

व्यापार कॉरिडोर कार्यशैली में प्रदेशों और महत्वपूर्ण शिल्पकार कलाकारों, शिल्प कारीगरों के साथ मिलकर गंगा कॉरिडोर, बनारस शिल्पकार और नर्मदा-कार्पट कॉरिडोर की अवधारणा को आगे बढ़ाने। टूरिस्ट सर्वाल लेकर 4 जगहों-उज्जैन-शिवपुरी-हरिद्वार-ऋषिकेश सर्किट तक लगातार मार्केटिंग तथा लगातार मार्केटिंग तथा पर्यटन के रूप में विकसित करने पर विचार के विचार-विमर्श किया जाएगा। इस संबंध में दुर्ग ऑपरेटर्स और अर्बनप्रोफेशनल्स जैसे प्रमुख हितधारकों की सहभागिता से एक संरचित और समन्वित पर्यटन मॉडल विकसित करने पर जोर होगा

जिस कार में मासूम जिंदा जला वह दो दिन पहले खरीदी

शिव बाबा की मन्नत से हुआ था बेटा, पिता बोले-मैं उसे बचा नहीं पाया

डीआर संवाददाता॥ इंदौर।

शिव कुमार

शहर के तिलहरी थाना क्षेत्र में शनिवार को दिन दहाड़े बेटे पाल हादसा बनाने आया, जहां कार में आग लगने से साढ़े तीन साल के मासूम विहान की जिंदा जलकर मौत हो गई। वह कार समेत पिता शिव कुमार बंदेडिया ने महज दो दिन पहले ही खरीदी थी। बेटे को घुमाने निकले पिता को क्या पता था कि वह सफर उसकी जिंदगी का आखिरी सफर बन जाएगा।

रालामंडल निवासी संजय, जो पेशे से मिस्त्री हैं, शनिवार सुबह बेटे विहान को नई सेकंड हैंड कार में घुमाने ले गए थे। इंदौर-इंछावर रोड पिका साकल सिटी के पास उनकी कार सड़क किनारे खड़ी थी और कुछ पूरी पर जैसे ध्यान देखने चले गए। इसी दौरान अचानक कार से धुआं उठने लगा और देखते ही देखते वह आग की लपटों से घिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बेटरी और एसी कंप्रेसर में धमाके हुए, जिससे कार कुछ ही मिनटों में आग की गोला बन गई।

धमाके सुनकर संजय तोलकर कार तो पास पहुंचे, लेकिन आग इतनी भयंकर थी कि वह अपने बेटे को बचा नहीं सके। अलावा मौजूद लोगों ने भी शीशे तोड़ने और आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन 10 से 15 मिनट में कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई और मासूम की मौत हो गई। संजय का रो-रोकर बुरा हाल है, वे बार-बार खुद को कोसते हुए कह रहे हैं कि "मैं उसे बचा नहीं पाया।"

परिजन के अनुसार, विहान का जन्म शिवा बाबा की मन्नत से हुआ था और अप्रैल में मन्नत उतारने की तैयारी चल रही थी। इस हादसे के बाद पूरे मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है। पुलिस के मुताबिक शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट आग लगने की वजह माना जा रहा है, जबकि फॉरेंसिक टीम मामले की जांच कर रही है।

शुजालपुर में लाठी-डंडे चले, 5 घायलय भाजपा पार्षद सहित 8 पर कैश

जमीन विवाद पर दो पक्षों में मारपीट, लाठी, डंडे तलवारें चली

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

शुजालपुर। ग्राम बकोरिया-शुजालपुर मार्ग स्थित औद्योगिक क्षेत्र के सामने कनिहार की जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक टकराव हो गई। दोनों पक्षों के बीच लाठी डंडों और तलवारों से जमकर मारपीट हुई। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें लोग खुलेआम एक-दूसरे पर हमला करते नजर आ रहे हैं।

इस घटना में कुल 5 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक घायल की हालत गंभीर होने पर उसे रेफर किया गया है। घटना के बाद शुजालपुर सिटी थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, एक पक्ष की ओर से सादाब की शिकायत पर लल्लू खां, साबिर खां, हसीन खां, वसीम खां, अबलू खां और रसूल खां के खिलाफ मारपीट, डकैती, शासकीय कार्य में बाधा, सार्वजनिक शांति भंग करने और आपराधिक धमकी का मामला दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से रसूल खां की शिकायत पर हसीन, शादाब, साहिल और मारपीट पार्षद साईस पटेल समेत अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच 15 बिघा पुश्तैनी जमीन को लेकर करीब 15 साल से विवाद चल रहा है। शनिवार को सामूहिक कार्यक्रम के दौरान कहासुनी के बाद मौजूदा वह रात और शाहरुख पर करीब 35 मिनट तक दोनों पक्षों में मारपीट होती रही।

घटना में घायल के बड़े भाई हाफिज पठान के लिए में शनीचर वोट आई है, जिन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इकैती की योजना बना रहे पति-पत्नी समेत 5 गिरफ्तार, हथियार और नशीला पदार्थ बरामद

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राजधानीभोपाल। क्राइम पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे पति-पत्नी समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई शुक्रवार रात भूल बंगला क्षेत्र के पास की गई, जहां पुलिस ने मोबाईल चेक शातिर बदमाश एजाज खान उर्फ लंगड़ा और उसके साथियों को दबोचा। आरोपियों की योजना रामनगर क्षेत्र में डकैती डालने की थी।

पुलिस के अनुसार, गिरोह का सरगना एजाज खान अपनी पत्नी आसिया खान और एक नाबालिग को साथ लेकर वारदात को अंजाम देने की तैयारी में था, ताकि शक न हो। मौके से एजाज, उसकी पत्नी, अल्लाह अली, अरबाज खान और एक किशोर को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान इनके पास से पांच चाकू, एक तलवार और लोहे की रॉड बरामद की गई।

मूलतः से आरोपी एजाज ने खुलासा किया कि उसने शातिर पदार्थ भूल बंगला के पास ग्राहकों से खिलाफ रखा है। पुलिस उसी मौके पर लेकर पहुंची, जहां उसकी निशानदेही पर करीब 600 ग्राम गांजा और 108 ग्राम चरस बरामद की गई। नशीले पदार्थ एक थैली में छिपाकर रखे गए थे। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ डकैती की साजिश, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

कलश यात्राओं में उमड़ा जनसैलाब, काली नृत्य बना आकर्षण

डीआर संवाददाता॥ भोपाल



चैत्र नवरात्रि की पहली तिथि पर बंदिया, बिलासपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा और उत्साह के साथ जवारा विसर्जन किया गया। इस दौरान नर्मदा विरासिनी मंदिर और खेर माता मंदिर से भव्य कलश यात्राएं निकाली गईं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नगर भ्रमण के दौरान माता के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। बाजे-गाजे के साथ निकली यात्रा में काली स्वरूप में श्रद्धालुओं का नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं माता खप्पर लेकर पारंपरिक वेशभूषा में काली रूप धारण कर नृत्य करते नजर आए, जिसे देखने के लिए राहगीर और श्रद्धालु भी भीड़ उमड़ पड़ी। कलश यात्राएं निर्धारित मार्गों से गुजरते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंचीं। बंदिया में खेर माता मंदिर के पास स्थित तालाब में जवारा कलश का विसर्जन किया गया, वहीं बिलासपुर में भी विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जवारा विसर्जन सम्पन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने जवारा में दूध अर्पित कर हरियाली को शुभ मानते हुए दर्शन किए। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रहा।

कार व मोबाइल लूट के आरोपी को 3 साल कैद

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

बंदूक तानकर कैब और मोबाइल लूटने के आरोपी रोशन खानकरके को भोपाल कोर्ट ने तीन साल की उत्तरोत्तर कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुनिता श्रीवास्तव ने यह फैसला सुनाया। शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक राजेंद्र पटेल ने पैरवी की। यह घटना 29 अगस्त 2021 का निरंतर थाना क्षेत्र का है। पीड़ित शाहरुख खान आईएसबीटी पर अपनी कैब के साथ सवारी का इंतजार कर रहा था। आरोपी रोशन वहां पहुंचा और 11 नील जाने के लिए बिना ऑनलाइन बुकिंग के 500 रुपये किराए का हवाला देकर उसे ले गया। 11 नील पहुंचने पर आरोपी ने एटीएम से पैसे निकालने का बहाना बनाया और पीड़ित को डराया दिया। जैसे ही पीड़ित कार लेकर आगे बढ़ा, आरोपी के साथियों ने उसे रुकवा लिया। रोशन ने बंदूक अड़ाकर शाहरुख की जेब से मोबाईल छीन लिया और उसे मारने की धमकी दी और उसे नीचे उतार दिया। आरोपी पीड़ित का मोबाइल और कार लेकर फरार हो गए।

इंदौर से 4 शहरों का हवाई संपर्क आज से बंद, टर्मिनल-1 का उद्घाटन

इंदौर। नए समर शेड्यूल के लागू होते ही इंदौर से नासिक, उदयपुर, कुशलेश्वर और जम्मू के लिए उड़ानें बंद कर दी गई हैं। नवरात्रि के इन रूटों पर सेवाएं रोक दी हैं, जिससे यात्रियों को परेशानी होगी। वहीं नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू आज एयरपोर्ट के नए टर्मिनल-1 का उद्घाटन करेंगे।

मौसम

अगले चार दिनों तक प्रदेश में आंधी और बारिश का दौर बना रहेगा

30-31 मार्च को आधे प्रदेश में अलर्ट, ग्वालियर-चंबल में ओले गिरने की संभावना

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मध्य प्रदेश में रविवार से मौसम का मिजाज बदलने जा रहा है। अगले चार दिनों तक प्रदेश में आंधी और बारिश का दौर बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) और ट्रफ लाइन की सक्रियता के कारण यह बदलाव देखने को मिलेगा। खासतौर पर 30 और 31 मार्च को मौसम सिस्टम की गतिविधि तेज रहने के आसार हैं, जिससे कई क्षेत्रों में तेज बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है।

मौसम विभाग (एजेंसी) के अनुसार, ग्वालियर और चंबल संभाग में इस दौरान ओले गिरने की संभावना है। वहीं ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग में अगले 24 घंटे के भीतर बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इन इलाकों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चल सकती है, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हो सकता है।

30 मार्च से प्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, चंबल, उज्जैन, सागर और रीवा संभाग के अधिकांश जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। 31 मार्च को भी इसी तरह का मौसम बना रहेगा। हालांकि 1 अप्रैल से यह सिस्टम कमजोर पड़ने लगेगा, लेकिन इसके बावजूद 20 से अधिक जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान लगाया गया है।

आंधी-बारिश के चलते लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। वर्तमान में प्रदेश के कई शहरों में तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। गर्मी-धूप और उमस सहसे रही रहे, जहां तापमान 38.5 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक गिरावट हो सकती है।

मौसम में इस बदलाव से जहां एक ओर गर्मी से राहत मिलेगी, वहीं किसानों और आमजन को सतर्क रहने की जरूरत है।

918 का सिलेंडर 2500 में बेचा, एजेंसी कर्मचारी पकड़ाय एक दिन में 68 जब्त

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

भोपाल। राजधानी में गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच कालाबाजारी का बड़ा मामला सामने आया है। खाद्य आपूर्ति विभाग ने शहर के विभिन्न इलाकों में कार्रवाई करते हुए एक ही दिन में 68 घरेलू और कमर्शियल सिलेंडर जब्त किए। इसी दौरान 918 रुपए का घरेलू सिलेंडर 2500 रुपए में बेचने वाले एजेंसी कर्मचारी को रंगे हाथ पकड़ा गया।

टीन में छात बिछाकर बरखेड़ी निवासी शालिन कुरैशी और उसके साथी सलमान को गिरफ्तार किया। सलमान स्कूटर से सिलेंडर लेकर पहुंचा और जैसे ही उसने 2500 रुपए लिए, अधिकारियों ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में सामने आया कि सलमान एक गैस एजेंसी का कर्मचारी है, जो उपभोक्ताओं से अतिरिक्त पैसे लेकर सिलेंडर खरीदता और ऊंचे दामों में बेचता था।

जांच के दौरान शालिन के मोबाइल से कालाबाजारी का रिकॉर्ड भी मिला, जिसमें कई लोगों को महंगे दामों पर सिलेंडर बेचने की जानकारी सामने आई। वहीं, पीपल चौराहे से भी सात सिलेंडर जब्त किए गए, जहां छोटे सिलेंडरों में गैस ट्रांसफर करने की सूचना थी। अधिकारियों के अनुसार जिले में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है, लेकिन पैनिक बुकिंग के कारण मांग बढ़ गई है, जिससे आपूर्ति प्रभावित हो रही है। सरकार ने लोगों से अफवाहों से बचने और अनावश्यक बुकिंग न करने की अपील की है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | चैत्र शुक्ल पक्ष 11 – 2082 | सीहोर, दिन रविवार, दिनांक 29 मार्च 2026

न्यूज गैलरी

ओबीसी महासभा रू कार्यकारिणी विस्तार

सीहोर। ओबीसी महासभा राष्ट्रीय प्रदेश कमेटी व कार्यकारी प्रदेशाध्यक्षों की सहमति व अनुमति से जिला अध्यक्ष श्याम सैनी प्रजापत द्वारा महासभा का विस्तार करते हुए नियुक्तियां की गई। जिसके तहत बरखेड़ा से रघुवीर सिंह लोधी को सीहोर जिला महासचिव, औबेदुल्ला लोधी को जिला सचिव, राम सुआसेठी से हुकुम सिंह लोधी को कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

सीवन पुत्र अभियान: आज लेंगे शपथ

सीहोर। मां सीवन की रक्षा और सेवा के लिए में पुत्र सीवन अभियान के तहत जीवन पुत्र बनाए जा रहे हैं। इसके लिए आज शपथ दिलाई जाएगी। कार्यक्रम में 1008 संत हरिदास दास महाराज, कथावाचक शंकराचार्य शिवानी, कथावाचक अरविंद व्यास मौजूद रहेंगे। शपथ का स्थान मां सीवन टाट, हनुमान फाटक धाम कस्बा, सिद्धपुर रहेगा।

दिगम्बर जैन मंदिर से प्रभात फेरी आज

सीहोर। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव पर महावीर जयंती से एक दिन पहले 29 मार्च रविवार को सुबह 6 बजे चारभुजानाथ दिगम्बर जैन मंदिर से प्रभात फेरी इतवारी शुरू होगी। श्रावक श्राविकाएं भजन-कीर्तन करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरेंगे। प्रभात फेरी गांधी पार्क स्थित भगवान महावीर स्मारक कीर्ति स्तंभ पहुंचेगी।

5 दिनी हनुमंत पंचकुंड आत्मक यज्ञ आज से

सीहोर। रविवार को हनुमान जी महाराज और लक्ष्मण बिलेश्वर महादेव मंदिर समिति सुजाना नगर द्वारा 29 मार्च से दो अप्रैल तक चैत्र विवसीय श्री हनुमंत पंचकुंड आत्मक यज्ञ और श्री राम प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को हिन्दी स्नान किया गया। सोमवार से सुजाना नगर स्थित श्री बिलेश्वर महादेव मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी।

शराब ठेके के पास से मिला युवक का शव

आष्टा। शनिवार को इंदौर-भोपाल हाईवे पर दरगाह के सामने शराब ठेके के समीप एक युवक का शव पड़ा मिला। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए सिविल अस्पताल भेजा। मर्ग कायम किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सनिवार को दोपहर 12 बजे के करीब पुराने भोपाल-इंदौर हाईवे स्थित शराब ठेके के पास शव पड़े होने की सूचना पर पुलिस पहुंची। शव की पहचान जावर थाना क्षेत्र के पांचाखुर्द के पास अवार पर मृत्त की

दबंगाई बंद पड़ी शुगर मिल पर नपा की कार्रवाई, संपत्ति कर वसूलने दिखाई सख्ती

फैक्ट्री प्रबंधन पर नपा का दो करोड़ बकाया भेजा नोटिस, रजिस्ट्रार को भी किया सतर्क

डीआर संवाददाता>सीहोर

अब बिना बकाया चुकाए नहीं हो सकेगी जमीनों की रजिस्ट्री। साथ पुराना बकाया प्रापर्टी टैक्स जमा करना होगा।

शहर की ऐतिहासिक पहचान रही और पिछले दो दशकों से बंद पड़ी भोपाल शुगर मिल एक बार फिर चर्चाओं में है। इस बार मामला फैक्ट्री की बेशकीमती जमीनों की खरीद-फरोख्त से जुड़ा है। शुगर मिल की जमीनों के विक्रय की लगातार मिल रही खबरों के बीच नगर पालिका प्रशासन ने एक बड़ा और सख्त कदम उठाया है। नगर पालिका ने शुगर मिल प्रबंधन पर करीब 2 करोड़ रुपये का टैक्स बकाया होने का नोटिस थमाते हुए जिला रजिस्ट्रार कार्यालय को भी इस संबंध में पत्र जारी किया है।

नगर पालिका की इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य शुगर मिल की संपत्तियों के अनधिकृत या बकाया रहते हुए हस्तांतरण को रोकना है। नपा प्रशासन ने जिला रजिस्ट्रार को भी अलर्ट किया कि शुगर मिल की किसी भी जमीन की रजिस्ट्री तब तक न की जाए, जब तक वह तय कि मिल प्रबंधन नगर पालिका से एनओसी प्राप्त न कर ले। यदि किसी भी भूमि विक्रय के लिए अंतिम रूप से रजिस्ट्रार कार्यालय ही पहुंचना अनिवार्य होगा डी. ऐसी में नपा ने सीधे सोर्स पर ही घेराबंदी कर दी है। अब यदि मिल प्रबंधन या कोई अन्य पक्ष जमीन की रजिस्ट्री कराने का प्रयास करता है तो उसे पहले नगर पालिका का बची पुराना बकाया प्रापर्टी टैक्स जमा करना होगा।

जमीन विक्रय की खबरों ने बढ़ाई हलचल

बता दें पिछले कुछ समय से शहर में यह चर्चा जोरों पर थी कि बंद पड़ी शुगर मिल की बेशकीमती जमीनों को बेचने की तैयारी की जा रही है। जैसे ही यह मामला नगर पालिका के संज्ञान में आया, प्रशासन ने अपनी वित्तीय सुरक्षा और शहर के राजस्व को ध्यान में रखते हुए यह बड़ी कार्रवाई की।

नवाबों के दौर से बर्बादी तक का सफर

गौरतलब है कि सीहोर शुगर फैक्ट्री का इतिहास जिला गौरवशाली रहा है, इसका श्रेय उसके ही दूरदर्शी नवाब हमीदुल्ला खान के कार्यकाल से हुई थी। यह इकाई सभी क्षेत्रों क्षेत्र के औद्योगिक विकास का ईंजन मानी जाती थी। इसने सीहोर सहित भोपाल, रायसेन और सलामतपुर जिले के हजारों किसानों को रोजगार और खुशहाली का रास्ता दिखाया था। इसी फैक्ट्री की बदौलत सीहोर जिला गन्ना उत्पादन का हब बना और किसानों को गन्ने की बकाया का लाभ मिलने लगा।

साल 2003 में हुआ पतन

बता दें इस फैक्ट्री के पतन की शुरुआत साल 2003 से हुई। वित्तीय अनियमितताओं, भारी आर्थिक घाटे और आंतरिक कुप्रबंधन के कारण वर्ष 2003 में इस फैक्ट्री पर ताला लग गया था से लेकर आज तक यह फैक्ट्री खंडहर में तब्दील हो चुकी है।

मिल की 4305 एकड़ जमीन

बताया जाता है कि शुगर मिल के पास लगभग 4 हजार 305 एकड़ (मुख्य परिसर करीब 1215 एकड़) की भूमि है। एक तरफ जहां इसकी जमीनों को बेचने की कोशिशें हो रही हैं, वहीं दूसरी तरफ फैक्ट्री के पूर्व कर्मचारी और मजदूर आज भी दाने-दाने को मोहताज हैं।

नपा सीएमओ बोले, नोटिस दिया

नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि फैक्ट्री प्रबंधन को प्रापर्टी टैक्स बकाया होने के संबंध नोटिस जारी किया गया है।

वह नोटिस रजिस्ट्रार कार्यालय को दिया गया, ताकि कोई भी रजिस्ट्री को प्रक्रिया होने से पहले नगर पालिका का टैक्स अदा हो।

सिगरेट लेने के दौरान 30 रुपए के विवाद में दराती से हमला, 3 घायल

डीआर संवाददाता>आष्टा

बीती रात करीब 10:30 बजे दुकान पर सिगरेट लेने के दौरान – 30 रुपए को लेन-देन को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद आरोपी घर से धारदार दराती लेकर आया।

वह वहां मौजूद लोगों पर हमला करने लगा। आरोपी शराब – के नशे में था। लोग मौके से भागने लगे। कुछ लोगों ने उसे पकड़ने की कोशिश की। आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट की।

घटना में 3 लोग घायल हुए। एक युवक का अंगूठा कट गया। उसे सिविल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद सीहोर रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार आरोपी अकरम, पिता आलमखान, उम्र 26 वर्ष, निवासी सेमिनरी रोड, आष्टा, रात करीब 10:30 बजे अशब टाकीज के पास आकाश मालवीय और बादल मेहरा की दुकान पर सिगरेट लेने गया था। इसी दौरान 30 रुपए को लेकर दोनों में कहासुनी हुई। युवकों पर बादल सिंह और उसका भाई कृष्णा मेहरा भी मौजूद थे। वहां धक्का-मुक्की हुई।

आरोपी पर हत्या के प्रयास की धाराओं में केस दर्ज

आकाश ने भी धक्का और गाली-गलौज को फोटर से कोट पहुंचाई। इसके बाद आकाश मालवीय घर से दराती लेकर आया। वह हॉस्पिटल चौराहे के पास घूमने लगा। लोगों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया। जुम्मातुल, अल्ला निवासी राजा खान का अंगूठा कट गया। वहां पहुंचे लोगों ने आरोपी के साथ भी मारपीट की। आरोपी को घायल हो गया। घायल राजा खान को सिविल अस्पताल आष्टा लाया गया। बाद में उसे सीहोर रेफर किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास की गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। आरोपी के घायल होने के कारण इलाज के दौरान उसे हिरासत में लिया गया है।

बिजली की चिंगारी से लगी आग, चार एकड़ फसल जली

डीआर संवाददाता>सीहोर

शहर के सीतल विहार कालोनी के पीछे खेतों की ऊपर से निकली बिजली के तार में अचानक हुए शॉर्ट-सर्किट और निकली चिंगारी से चार एकड़ गेहूं की फसल जलकर बर्बाद हो गई। आग की लपटें देख आस-पास के किसानों ने आग को बुझाना शुरू किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जब तक किसान आग बुझाते, तब तक खेत से कटकर खलियान में रखा

जलकर राख हो गया, फायर ब्रिगेड पहुंचे और आग बुझाने में मदद की। घटना में किसान को हजारों का नुकसान हुआ है।

इस संबंध में किसान सतीश गाडर ने बताया कि शहर के सीतल विहार कालोनी के पीछे हमारे खेत हैं। किसान सतीश गाडर की हजारों रुपए की गेहूं की फसल शॉर्ट-सर्किट के कारण

नाव पलटने से लापता 2 युवकों का 30 घंटे बाद भी सुराग नहीं

डीआर संवाददाता>भैरूंदा

गंभीरा बांध क्षेत्र में नर्मदा नदी में लापता हुए दो युवकों की तलाश 30 घंटे बाद भी जारी है। बांध प्रबंधन अधिकारी के अनुसार शनिवार दुपहर 2 बजे से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया और करीब 12 घंटे तक चला, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। शाम होने पर टीम को वापस बुलाया गया। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह फिर से तलाश शुरू की जाएगी। तलाश अभियान में आईटीआरएफ टीम के चार सदस्य, थाना के चार

जवान, चार स्थानीय गोताखोर और चार नावें तलाश में लगी हैं। पुलिस का कहना है कि हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इलाके में चिंता का माहौल है।

पुलिस के मुताबिक चार युवक चार दिन पहले सिंगरौली जिले से भैरूंदा आए थे। काम नहीं मिलने पर वे शुक्रवार को सीमेंटकट घाट पहुंचे और वहां बनी एक नाव लेकर मछली पकड़ने नदी में उतर गए। दोपहर करीब 3 बजे तेज हवा और ऊंची लहरों के कारण नाव पलट गई। सोनू और मुकेश तैरकर किनारे पहुंच गए। एक युवक को तैरना नहीं आता था और वह डूबने लगा। उसे बचाने के लिए दूसरा युवक वापस गया। दोनों युवक लहरों में बह गए।

आज बुजुर्गों का सम्मान भोज

श्यामपुर। सोमवार को 30 मार्च, सोमवार को सुबह 10 से 12 बजे तक हिलक्रेस्ट रोज सीहोर पर भोज एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम खुले बैठकों व मुद्दों से ऊपर निर्णय के उपलक्ष्य में ग्राम के बुजुर्गों और जनप्रतिनिधियों के सम्मान हेतु रखा गया है। आयोजनकर्ता सुनाना सिंह पटीदार ने सभी ग्रामवासियों से समय पर उपस्थित होने की अपील की है, जिससे आपसी एकता और सौहार्द को बढ़ावा मिल सके।

गरबा करने वाली कन्याओं को किया सम्मानित

डीआर संवाददाता>सीहोर

शहर के विधानसभा स्थित शीतल कॉलोनी महेश नगर मंदिर में चैत्र नवरात्रि का पर्व आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर दसमी के पावन अवसर पर यहां पर भजन-कीर्तन के साथ गरबा करने वाली करीब दो दर्जन से अधिक कन्याओं का सम्मान मंच द्वारा सम्मान किया गया। इस मौके पर मंदिर के व्यवस्थापक देशित मेवाड़ा और मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी न आदि शामिल थे। मंदिर परिसर में पहले नर में में आने वाली चार कन्याओं के पावन अवसर पर माता की

साफा और पूजा अर्चना की जाती है तहां पर हर नवरात्रि पर माता का विशेष श्रृंगार किया जाता है। इसके अलावा सौंठ और शकरौरा व नवरात्रि के मौके पर कन्याओं के द्वारा गरबा की प्रस्तुति दी जाती है। मंच और मंदिर के द्वारा नवरात्रि व और दसमी पर श्रृंगार महिलाओं को सुहाग की सामग्री का वितरण किया गया और वहीं गरबा करने वाली दो दर्जन कन्याओं को चुनरी उढ़ाकर सम्मान किया गया। संस्कार मंच की ओर से वे मनोज दीक्षित नाम से बताया कि देवी पुराण और अन्य प्राचीन ग्रंथों के अनुसार, मंच लेखक एक नृत्य नहीं, बल्कि देवी शक्ति की आराधना और भक्ति का एक शक्तिशाली माध्यम है। नवरात्रि के चौथा किया जाने वाला गरबा रंग हृदय ताल सकारात्मक, पूजन और प्राणायाम ऊर्जा से जुड़ने का प्रतीक है। सबसे पहले माता के लिए सजाए गए घनके गरबों में आरती-अर्चना से मंत्र और पुष्पों की स्तुति की जाती है।

नादान, कोसमी, सिराड़ी के जंगल सुलग आग

डीआर संवाददाता>सीहोर

जिले में गर्मी का पारा बढ़ने के साथ ही जंगलों में आगजनी की घटनाएं सामने आने लगी हैं। जंगल की इस आग की घटना में बेशकीमती सागौन के पेड़ भी झुलस रहे हैं। नादान, कोसमी, सिराड़ी के जंगल सुलग रहे हैं। जंगलों में आग का धुआं उठता देखा जा सकता है। ऐसे ही एक मामला सुबह 10 बजे नादान के जंगल में देखने को मिला।

आग तेज लिपटों से जल रही थी। हवा के साथ तेजी से फैलती जा रही थी। यह आग 1 मिनट में हवा के साथ 50 मीटर

तक फैल गई। दमकल आसपास ही कुछ लोग पेड़ के नीचे सकुन बीनते हुए दिखे। सोशियल वन डिवाइन और वन विभाग लिगल, दोनों विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों का स्टाफ इस जंगल की आग पर नहीं है। इससे बेशकीमती जंगल के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है।

रिकार्ड गर्मी तापमान 38 डिग्री

डीआर संवाददाता>सीहोर

पश्चिमी विभाग के चलते शनिवार को दिन में तेज गर्मी रही। दिन के तापमान के साथ-साथ रात के तापमान में भी बढ़ोत्तरी हुई। ऐसे में अधिकतम तापमान 36 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। हवर मौसम विभाग ने सम्भावना जताई है कि अगले में आंधी-बारिश का एक मजबूत सिस्टम एक्टिव होने जा रहा है।अगले 48 घंटे में अगले में तेज-तेज हवा के साथ गरज एवं चमक के साथ बौछारों की संभावना है।

इसको लेकर मौसम विभाग ने तेज हवा का अलर्ट भी जारी कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ी क्षेत्रों में करीब 35 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलेगी। मौसम विभाग के अनुसार राष्ट्रसंलग्नित गर्जुलेजन और टर्न की वजह से जयपुर में बादल छाने लगे हैं और मौसम में बदलाव भी नजर आ रहा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृहद मेगा शिविर आयोजित, 750 से अधिक नागरिकों को किया गया शासन की योजनाओं से लाभान्वित

डीआर संवाददाता> सीहोर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सीहोर स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान में मेगा लीगल आउटरीच एवं जागरूकता शिविर 'संवेदना' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर कलेक्टर बालागुरु के, और एसपी दीपक कुमार शुक्ला सहित न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

शिविर की थीम "मानसिक स्वास्थ्य एवं दिव्यांगजनों के

अधिकार" रखी गई थी। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से 750 से अधिक नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इस दौरान दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, हियरिंग एड, ब्रेल किट सहित अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए।

मेगा शिविर में आयोजित रक्तदान शिविर में 15 यूनिट

रक्त संग्रहित किया गया, जिसमें स्वयं प्रधान जिला न्यायाधीश श्री अग्रवाल और न्यायाधीश दीनेन्द्र मालू ने भी रक्तदान किया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा 550 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा टीबी स्क्रीनिंग, एक्स-रे, बीपी और शुगर जांच जैसी सेवाएं भी प्रदान की गईं।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम एवं मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम की जानकारी दी। सचिव एकम्रती सिंह ने बताया कि "संवेदना" नाम का उद्देश्य समाज में संवेदनशीलता बढ़ाना है। एनआईएमएचआर के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता का संदेश भी दिया।

सुनवाई अवसर पर अधिकारियों ने हकदार पंजिका पर हकदार कार्ड-ज योजना के तहत पंजीयन किया। शिविर नाजरा मोहबूब के अनुसार आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य कमजोर वर्गों को उनके अधिकारों और मुफ्त कानूनी सेवाओं के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, अधिवक्ता, पैरालीगल वॉलिंटियर्स, सामाजिक कार्यकर्ता, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

राजस्व मंत्री ने इछावर सिविल अस्पताल में नवीन मंडपम का किया लोकार्पण

डीआर संवाददाता> सीहोर

सिंह वर्मा ने इछावर सिविल अस्पताल में नवनिर्मित पंडित लक्ष्मीनारायण शर्मा मंडपम का लोकार्पण किया। यह मंडपम डॉ बीबी शर्मा द्वारा अपने पिता श्री लक्ष्मीनारायण शर्मा की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मरीजों के परिजनों के बैठने एवं आराम के लिए बनवाया गया है, जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों को सुविधा होगी।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री फतेह सिंह वर्मा ने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और मरीजों के स्वस्थ

आने वाले परिजनों की सुविधा का ध्यान रखना भी उतना ही आवश्यक है जितना कि मरीजों के उपचार की व्यवस्था करना। उन्होंने कहा कि पंडित लक्ष्मीनारायण शर्मा मंडपम का निर्माण एक सराहनीय पहल है, जो मानवता और संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार का उद्देश्य है है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक सहयोग से स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक सुधार लाया जा सकता है। इस अवसर पर इछावर नगर परिषद अध्यक्ष श्री देवेंद्र वर्मा, डॉ बीबी शर्मा और सीमोएमओ डॉ अंकित पालक सहित अन्य अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित थे।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर चैत्र शुक्ल पक्ष 11 – 2082 सीहोर, दिन सोमवार, दिनांक 29 मार्च 2026

निशान यात्रा

हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, मंदिर में गूंजे जयकारे

झरखेड़ा में मां हिंगलाज निशान यात्रा में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब उमड़ा

डीआर संवाददाता»झरखेड़ा

जिले के झरखेड़ा स्थित प्राचीन सिद्ध मां हिंगलाज भवानी मंदिर में शुक्रवार को रामनवमी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में मातृ का ताता लगा रहा और पूरे क्षेत्र में आस्था का अद्भुत माहौल देखने को मिला। हजारों श्रद्धालुओं ने मां हिंगलाज भवानी के दर्शन कर प्रसाद अर्पित किया और परिवार की सुख–समृद्धि की कामना की।

चैत्र नवरात्रि के चलते मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। एक ओर शंखनाद की दूसरी ओर घंटों की गूंज से वातावरण गुंजायमान हो उठा। दूर–दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में माथा टेककर सच्चे मन धन्य महसूस किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मां हिंगलाज की महिमा दूर–दूर तक प्रसिद्ध है और यहां आने वाले हर जय हिंगलाज भवानी के जयकारों के साथ अपनी आस्था प्रकट करते हैं।

हर वर्ष की तरह इस बार भी मां हिंगलाज की निशान यात्रा पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ निकाली गई। शुक्रवार सायंकाल को झरखेड़ा के बड़े मंदिर से प्रारंभ हुई यह यात्रा प्रमुख मार्गों से होती हुई मां हिंगलाज मंदिर पहुंची। यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए और जगह–जगह श्रद्धालुओं ने निशान यात्रा का स्वागत कर पूजन किया।

मंदिर से प्रारंभ हुई यह यात्रा प्रमुख मार्गों से होती हुई मां हिंगलाज मंदिर पहुंची। यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए और जगह–जगह श्रद्धालुओं ने निशान यात्रा का स्वागत कर पूजन किया।

मंदिर परिसर में मेले का आयोजन किया जाता, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। वहीं पौष नवरात्रि के दौरान झरखेड़ा में दो स्थानों पर शक्तिशाली चमत्कारिक कड़ मंगल की जिला यात्रा हो रहा है, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण बना हुआ है।

झरखेड़ा मेला में जन ग्रामीण उमड़े जमकर खरीदारी की

वह वहीं आज की खबर, जिसे मेले अयोध्या और आजकी जिलाध्यक्ष वाराणसी के लिए विशेष रूप से 200 लकड़ी के पौधर एक प्रचारवाली शामकर शैली में तैयार किया झरखेड़ा में मां हिंगलाज मेले की शुरूक वेशरूप पर उनका उत्सवीलाव, जमकर हुई खरीदारी सीहोर जिले के झरखेड़ा में चैत्र नवरात्रि के समापन और शहादे के पावन अवसर पर पांच दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। जिले का यह एकमात्र स्थान है जहां शहादे के दिन विशाल मेला लगता है। शनिवार को प्राचीन मां हिंगलाज मंदिर परिसर में सामने आयोजित इस मेले में सुबह से ही श्रद्धालुओं और ग्रामीणों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा।

मनोरंजन और व्यापार का संगम

मेले में बच्चों और युवाओं के लिए बड़े झूले और विभिन्न मनोरंजन के साधन आकर्षण का केंद्र रहे। ग्रामीणों ने घरेलू सामान, खिलौनों की दुकानों पर जमकर खरीदारी की और मेले को पारंपरिक व्यंजनों का सुख उठाया।

खत्म नहीं हो रहा गैस सिलेंडर का संकट मजदूर से लेकर पुलिस तक एक कतार में

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले में रसोई गैस का संकट खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। आलम यह है कि शहर की गैस एजेंसियों पर सुबह से उपभोक्ताओं की कतारें लगनी शुरू हो जाती हैं। हालात इतनी विकट है कि क्या मजदूर और क्या पुलिस जवान, हर कोई अपने घर का चूल्हा जलाने के लिए घंटों लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करने को मजबूर है। शनिवार को भी शहर की तीनों प्रमुख एजेंसियों पर भारी अफरा तफरी का माहौल देखा गया। बता दें जिला मुख्यालय स्थित मसरूलगंज की मेहमूद हुसैन गैस एजेंसी, लीला टॉकीज के पास स्थित मन्ना एजेंसी और तहसील परिसर स्थित तरफर गैस एजेंसी पर पिछले कई दिनों से सरकार जैसी हालात बने हुए हैं। लोग सुबह होते ही ऑफलाइन नंबर लगाने के लिए पहुंच रहे हैं। कतारों में खड़े लोगों के हाथों में खाली सिलेंडर और गैस डायरी देखी जा सकती है। उपभोक्ताओं का कहना है कि कई लोग तो अपना जरूरी काम और मजदूरी छोड़कर सिर्फ इसलिए कतार में लगे हैं ताकि घर का खाना बन सके। गायों और इलीकत में अंतर्राष्ट्रीयों की बात यह है कि एक तरफ जिला प्रशासन लगातार यह दावा कर रहा है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सुचारू है।

लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों को पूरी तरह झुठला रही है। यदि आपूर्ति सामान्य है तो फिर एजेंसियों के बाहर यह भीड़ और हाहाकार क्यों? नागरिकों का आरोप है कि ऑनलाइन बुकिंग करने के हफ्तों बाद भी सिलेंडर की होम डिलीवरी नहीं हो पा रही है, सिलेंडर उन्हें खुद एजेंसी तक दौड़ लगानी पड़ रही है। ईरान–इजराइल युद्ध का असर अब विभिन्न तकनीकी स्तर पर घर तक रहे ईरान–इजराइल युद्ध की तपिश अब सीधे तौर पर रसोई और गरीब परिवारों की रसोई तक पहुंच गई है। गैस नहीं मिलने से हर आम व्यक्ति परेशान है। गैस की सप्लाई में गुंडिगियों के साथ पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं।

न्यूज गैलरी

राहगीरों के लिए स्थापित की शीतल जल प्याऊ

सीहोर। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल अभियान समिति द्वारा ग्राम बिलकिसगंज, बमुलिया, दोराहा, बिजलौन, बहनागर, मंडेली एवं सलामत में जल शक्ति से नव शक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में फूल एवं जल घटों के फूल कर जल एवं प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया और ग्रामवासियों को जल और प्रकृति के संरक्षण के प्रति प्रेरित किया गया। क्लीक सम्मेलन प्रदीप सिंह सेंगर ने बताया कि इस अवसर पर डीकाकात को दृष्टिगत रखते हुए राहगीरों के लिए मंडेली और बमुलिया में चार स्थानों पर जल मंदिर (प्याऊ) भी स्थापित की गई।

न्याय के लिए दर–दर भटकता रहा किसान

सीहोर। जिले के नसरुल्लागंज ग्राम सेमरिया में जमीन धोखाधड़ी का एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां एक ही कृषि भूमि को दो बार बेचने का आरोप है, जिससे एक किसान का परिवार आज न्याय के लिए दर–दर भटकने को मजबूर है। पीड़ित पशु कीपाल का दावा है कि उन्होंने वर्ष 2012 में गांव के ही हनुमान सिंह से करीब 11 लाख 75 हजार रुपये में जमीन खरीदी थी और तब से लगातार उस पर खेती कर रहे हैं। इसका उसके पास अनुबंध भी है। पीड़ित के अनुसार, विक्रय अनुबंध पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख था कि पूरी राशि मिलने के बाद बिक्रेता रजिस्ट्री कराने के लिए बाध्य होगा। लेकिन सारी शैलने के बावजूद हनुमान सिंह हर बार टालमटोल करते रहे। लगभग 14 वर्षों तक किसान सपनों में जीता रहा, लेकिन अब यही भरोसा उसके लिए मुसीबत बन गया है। न्याय पाने के लिए किसान परिवार दर–दर भटक रहा है।

अभ्यर्थियों का पुनः परीक्षण 6 से 17 अप्रैल तक होगा

सीहोर। अपर संचालक लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा ने बताया कि महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) वर्ष 2023 परीक्षा के अंतर्गत अयोग्य घोषित अभ्यर्थियों का पुनः परीक्षण 06 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक (अवकाश

श्री हनुमंत पंचकुंड आत्मक पांच दिवसीय यज्ञ और श्री राम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

डीआर संवाददाता»सीहोर

रविवार को हनुमान जी महाराज और रामलला शिलाधाम महादेव मंदिर समिति सूपाना नगर द्वारा 29 मार्च से दो अप्रैल तक पांच दिवसीय श्री हनुमंत पंचकुंड आत्मक यज्ञ और श्री राम प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा।

समिति पदाधिकारी ने बताया कि शनिवार को हिनौती स्थान किया गया। रविवार से सुवासा नगर स्थित श्री मिल्कपेश्वर महादेव मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसी के साथ ही पांच दिवसीय कार्यक्रम शुरू होंगे। 30 मार्च को संध्या वेला आयोजन, मंडलों का पूजन, अग्नि स्थापना, नवीन कर जलाभिषेक, अन्नाधिवास होगा। 31 मार्च को महारुद्र, धुत अधिवास, पंच अधिवास, द्रव्य अधिवास होगा।

एक अप्रैल को पंचकर्म और फलाधिवास, शैय्या अधिवास होगा। दो अप्रैल को पंचकर्म के बाद श्रीराम मध्य अभिषेक और न्यास, नगर प्रवेश, प्रथम प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद महाआरती और पंगतों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

नवयाल प्रशिक्षण महा अभियान आयोजित

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिलाधिकारी के निर्देश के राजभोग मार्केट स्थित हनुमानिया मंडल नंदू पर नवयाल दीनदयाल अन्त्योदय प्रशिक्षण महा अभियान हुआ। कार्यक्रम इंजीनियर विधानसभा के तहत रखा गया। उदेश्य विधि के जरिए कार्यकर्ताओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना था। बूथ स्तर एक संगठन मजबूत करने पर जोर रहा। मंडलों ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूती से आगे बढ़ाने की बात कही। शासन की योजनाओं का लाभ लाभार्थी तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। पंचायत स्तर पर काम करने की बात कही। बूथ स्तर पर काम करने की बात कही। सभी समाज के लोगों को साथ लेकर समरसता से काम करने पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सामाजिक समरसता के अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देती है। कार्यक्रम में करण सिंह वर्मा, नरेश गेवरा, मार्तंड शिविर, अलक्ष चौहान, भूपेंद्र सिसोदिया, आदि मौजूद रहे।

शहर के बीएसआई सीहोर चिल्ड्रन ने 2 गोल से जीता

सीहोर। सीहोर सीहोर चिल्ड्रन की टीम ने मैच 2 गोल से जीत लिया। टीम की ओर से कीर्ति अर्थ ने गोल किया। अक्षांश ने भी गोल किया। और संजय और सीहोर टीम के बीच खेले गए मैच में अक्षांश ने शानदार गोल किया।

मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन की टीम के लिए जिले की अंडर–20 टीम बनाने को लेकर कल दोपहर 3 बजे से ट्रायल रखी गई है। टीम कोचिंग सीएस कनौजिया, मनोज जाहिरवार, विपिन पंचाल करेंगे। मैनेजर रेफरी प्रोजेक्ट प्रसन्नर रहेंगे। टीम के सामरेस्टर आनंद वाजपेयी होंगे। जैन समिति के के होंगे। ट्रायल चर्च सायंकाल पर होगा। हर खिलाड़ी को आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।

श्री सत्य साई प्रौद्योगिकी–मेगा लीगल आउटरीच एवं अवेयरनेस कैंप

डीआर संवाददाता»सीहोर

श्री सत्य साई प्रौद्योगिकी एवं विकास विज्ञान विश्वविद्यालय, सीहोर के स्कूल ऑफ लॉ विधि संकाय के विद्यार्थियों ने मेगा लीगल आउटरीच एवं अवेयरनेस कैंप में उत्साह, सामर्थ्य और सक्रियता के साथ भाग लेते हुए समाज में विधिक जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य किया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु श्री सुधीर प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा की गई। इस अवसर पर हेमा जोशी सिविल जज, बरखेड़ा के कलेक्टर, सीहोर, पुलिस अधीक्षक सहित अनेक प्रशासनिक एवं न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। साथ

ही, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव न्यायाधीश, पीडब्लू उदय सिंह चौहान, महाप्रबंधक अधिवक्ता सीहोर एवं राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान के निदेशक डॉ. अरुणेश शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाया।

इस अभियान में स्कूल ऑफ लॉ के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विशेष शहनवाज खान, ग्राम की अधिवक्ता प्रोफेसर शहनवाज तिवारी के मार्गदर्शन में छात्रों ने अंकुश बड़खुर, उत्तरदीप, अखिल मालवीय, अंजली, दिव्या, हर्षोल्लास, शांभवी, प्रज्ञा, मीना प्रसाद, प्रीति, तरुण शर्मा आदि ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए आमजन को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए एलएलबी द्वितीय वर्ष की छात्रा अंजली द्वारिया सहित अन्य विद्यार्थियों द्वारा स्वयंसेवा भी किया गया, जो समाज में समानता, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायक मिसाल पेश। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण यह भी रहा कि विधि के पंजीकृत छात्र के छात्र प्रद्युम्न के अंतर्जातीय विवाह के लिए प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया, जो समाज में समानता, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायक मिसाल पेश। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण यह भी रहा कि विधि के पंजीकृत छात्र के छात्र प्रद्युम्न के अंतर्जातीय विवाह के लिए प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया, जो समाज में समानता, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक समरसता को बढ़ावा

पांच गांवों पर 60 लाख बकाया, दो गांवों की बिजली काटी

डीआर संवाददाता»जावर

बिजली कंपनी ने बकाया राशि जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर सख्ती बढ़ा दी है। गांवों की बिजली भी बंद की जा रही है। बकाया वसूली के लिए कर्मचारी लगातार फील्ड में काम कर रहे हैं। उपभोक्ताओं से संपर्क कर बिल जमा कराने को कहा जा रहा है। शनिवार को दो गांवों की बिजली पूरी तरह काट दी गई।

बिजली कंपनी के जेई गजेन्द्र चौहान ने बताया कि पांच गांवों पर कंपनी का 60 लाख रुपए बकाया है। वसूली के लिए लगातार प्रयास चल रहे हैं। तीन गांवों के उपभोक्ता बकाया जमा नहीं कर रहे हैं, वहां बिजली काटी जा रही है। दोलकाखेड़ा के 33

उपभोक्ताओं पर 4 लाख 83 हजार रुपए बकाया है। खाति जमा नहीं होने पर गांव की बिजली काट दी गई।

आरोलिया जावर गांव के 128 उपभोक्ताओं पर 37 लाख 33 हजार रुपए बकाया है। भुगतान नहीं होने पर यहां की बिजली सप्लाई भी काट दी गई। खजूरिया जावर के दो ट्रांसफार्मर पर 5 लाख 34 हजार रुपए बकाया है। कालापीपल के दो ट्रांसफार्मर पर 8 लाख 66 हजार रुपए बकाया है। बाजखेड़ी गांव के दो ट्रांसफार्मर पर 3 लाख 65 हजार रुपए बकाया है। कंपनी का कहना है कि जिन गांवों के उपभोक्ता बकाया जमा कर रहे हैं, वहां बिजली सप्लाई चालू भी की जा रही है। बकाया वसूली के लिए अभियान चल रहा है। जो उपभोक्ता राशि जमा नहीं करेंगे, उनके कनेक्शन भी काटे जाएंगे। इससे उपभोक्ताओं में हलचल है। जेई चौहान ने कहा कि समय पर बिल जमा नहीं करने वालों पर सख्ती, सप्लाई बंद करने जैसी सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

शिक्षक हर अच्छे कार्य के लिए सदैव तत्पर, किसी पहचान का मोहताज नहीं - अजबसिंह राजपूत

जिसमे संकुल प्राचार्य श्री राजपूत द्वारा शिक्षकों को नवीन शिक्षा सत्र के लिए उत्साहित किया

डीआर संवाददाता»आष्टा

नवीन सत्र का प्रवेश उत्सव यह अत्यंत शैक्षणिक गतिविधियों की तैयारी को लेकर संकुल के सभी प्रधानाध्यापक की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें संकुल प्राचार्य अजब सिंह राजपूत एवं उन लिहाज श्री जगदीश मालवीय एवं संकुल मेंटाटा द्वारा नवीन शिक्षा सत्र 2026 –2027 के अंतर्गत के लिए की जाने वाली समस्त शैक्षणिक तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं सभी को उत्साहित किया गया, तथा क्षेत्र के घुमतू एवं अप्रवेशी बच्चे 3 वर्ष से लेकर 14 वर्ष तक के सभी

बालक बालिकाओं तथा उनके पालकों को प्रवेश उत्सव में शामिल किया जाए, एवं समस्त विद्यार्थियों की रंग रंगित रूपांतर आईडी उनके सीमा में बनाये एवं अभिभावकों से अपील किया जाए की आधार अपडेशन के लिए जन शिक्षा केंद्र पर, केंद्र निर्धारित किए गए है, उन केंद्रो पर जाकर अधिक से अधिक संख्या में आधार अपडेशन का लाभ लाभ सीमा में पूर्ण किया जाए।

शैक्षिक संकेत में बंशीलाल धनवाल, मुकेश चितौड़ा ,हामिद अंसारी, रामलाल सुतवाल, बीरेन्द्र सिंह ठाकुर, मंजु विश्वकर्मा, सीमा कोरी, मीनाक्षी राठौर , बहादुर सिंह ठाकुर, मनीलाल अजनोरिया, संजय कुमार जैन, नसीम जहां , सुनीता मालवीय, रमेश रेकवाल , वेद प्रकाश शिवलोचिया, सविता सारसिया , चंद्र आदि

संस्कार मंच ने गरबा करने वाली कन्याओं को किया सम्मानित

डीआर संवाददाता»आष्टा

चैत्र नवरात्रि के नौ दिवसीय श्रद्धा, भक्ति, आराधना के बाद नवरात्रि विसर्जन दिवस पर नगर में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता का दृश्य दिखा। अलग–अलग जगह माता रानी के पंडालों में कन्या भोज हुआ। भंडारे लगे। धार्मिक कार्यक्रम हुए। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र खुरपाखेड़ा ने नेतृत्व में लोगों ने माता रानी के दर्शन किए। आशीर्वाद लिया। मां वाराहदेवरी दरबार में कार्यक्रम हुआ। पूर्व पार्षद पंकज यादव, प्रकाश बसतु शर्मा

ने सामूहिक विवाह समारोह में दो नवदंपतियों का विवाह कराया। सकल हिंदू समाज ने कन्यादान करने वाले पुण्यात्माओं का सम्मान किया। माता रानी के नाम अंकित दुपट्टा ओढ़ाया। न्यौछावर जोड़ों को उपहार दिए। सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की।

सतीर मंदिर में नवदुर्गा उत्सव समिति ने विशाल भंडारा किया। सकल हिंदू समाज के प्रतिनिधि चुन्नी। समिति प्रमुख नरेंद्र कुशवाहा पटेल, सुरेश कुशवाहा, आकाश कुशवाह, दुर्गेश यादव का समाज की ओर से सम्मान हुआ।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | चैत्र शुक्ल पक्षा-11,2082 | विदिशा, दिन रविवार,दिनांक 29 मार्च,2026

न्यूज गैलरी

अभियानः चल रही जलस्रोतों की सफाई

विदिशा। भोपाल संभाग के सभी जिलों में जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 का शुभारंभ हो गया है। आगामी 30 जून तक चलने वाले इस अभियान के तहत संभाग के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिये आमजन को जागरूक करने के साथ ही जल संरचनाओं की सफाई, मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्य किए जा रहे हैं।

युवक युवती परिचय सम्मेलन आज

विदिशा। महाराणा प्रताप राजपूत आकृति समिति द्वारा आज शहर के रविंद्र नाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन में युवक-युवती परिचय सम्मेलन रखा गया है। जो शुक्रवार 10 बजे से प्रारंभ होगा। स्नेह भोज के साथ ही शाम 5 बजे समापन होगा। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री, मंत्री विधायक सहित समाज के लोग शामिल होंगे।

फरार आरोपी को पुलिस ने भोपाल से दबोचा

विदिशा। थाना कोतवाली पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले फरार आरोपी को भोपाल से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन तथा एएसपी डॉ. प्रशांत सौंधे व सीएसपी अनुज सिंह के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। आरोपी शादाब हुसैन (23) निवासी भोपाल को 28 मार्च को दबिश देकर पकड़ा गया।

अरिहंत विहार में रत्नत्रय विधान

विदिशा। नव निर्माणाधीन श्री नेमीनाथ जिनालय, अरिहंत विहार में वेदी एवं शिखर शिलान्यास के प्रथम दिवस भव प्रोक्षणा एवं श्री रत्नत्रय विधान का आयोजन हुआ। शोभायात्रा श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ हुई, जिसमें महिलाएं 150 कलश सिर पर धारण कर एवं जिनवाणी के साथ शामिल हुईं। मार्ग में साधर्मियों ने रंगोली सजाकर श्रीजी की आरती से मंगल स्वागत किया। नवीन मंदिर स्थल पर श्रीजी का अभिषेक पूजन एवं ध्वजारोहण संपन्न हुआ। मेरठ से पधारे विद्वान मनीष शास्त्री के प्रवचन में जिन प्रतिमा, शास्त्र और आत्मानुभूति का महत्व बताया। प्रतिष्ठाचार्य पंडित अभिनंदन के निर्देशन में वेदी एवं शिखर स्थल की शुद्धि विधि सम्पन्न हुई। 29 मार्च को रथयात्रा, राजा व कारंजा शिला से शिलान्यास होगा तथा दीपक जयंती विशेषांक पत्रिका का विमोचन भी किया जाएगा।

शोभायात्रा निकालकर मनाई गई रामनवमी

गन्नौराबाद। विजय हिंदू परिषद एवं बजरंग दल, पूर्व नगर प्रखंड द्वारा राम नवमी के पावन अवसर पर शोभायात्रा एवं आकर्षक झांकी शोभायात्रा का निकाला गया। पूरे नगर में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर जिला संयोजक सचिन दिलेरिया, जिला सह संयोजक सिद्धेंद्र दांगी, जिला सुरक्षा प्रमुख हर्ष राजपूत, प्रखंड अध्यक्ष लोकेश साहू, प्रखंड सह संयोजक रिंकेश कुशवाह, प्रखंड गोरक्षा प्रमुख लोकेश विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष संजय मेहर, प्रदीप कुशवाह, नगर मंत्री तनिष जैन, नगर गोरक्षा बजरंगी राजपूत, बिट्टू शर्मा सहित प्रखंड के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरे नगर में भक्तिमय

जिले की सभी 16 रेत खदानों का मौके पर निरीक्षण कर कार्रवाई की गई

राज्य स्तरीय दल ने अवैध तरीके से रेत का परिवहन कर रहे 12 वाहनों को जब्त किया

रेत खदानों पर प्रतिबंध होने के बाद भी हो रहा है खनन।

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

संचालनालय भौगिकी एवं खनिकर्म द्वारा गठित राज्य स्तरीय दल ने विदिशा में 24 से 27 मार्च तक सघन निरीक्षण अभियान चलाकर अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। इस दौरान जिले की सभी 16 रेत खदानों का मौके पर निरीक्षण किया गया, जिससे खनन गतिविधियों की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके। निरीक्षण के दौरान टीम ने अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए खनिजों का अवैध परिवहन करते 11 वाहन (डम्पर एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली) तथा अवैध उत्खनन करते 01 वाहन (ट्रैक्टर-ट्रॉली) को जप्त किया। इस प्रकार कुल 12 वाहनों पर कार्रवाई की गई, जो प्रशासन की सख्ती को दर्शाता है। जप्त किए गए वाहनों को संबंधित पुलिस थाना कुरवाई, सहर बासौदा, गुलाबगंज, देहात बासौदा, कंरारिया एवं खनिज कर्मचारी परिसर में सुरक्षित रखवाया गया है। सभी मामलों में विधिवत प्रकरण दर्ज कर लिए गए हैं।

जिला खनिज अधिकारी प्रशांत तिवारी ने बताया है कि संबंधित वाहन संचालकों एवं अवैध उत्खनन परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत कार्रवाई की जा रही है। इन प्रकरणों को कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा, जहां आगे की वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

भविष्य में भी इस प्रकार के सघन निरीक्षण अभियान जारी रहेंगे, ताकि खनिज संपदा की सुरक्षा और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा, बहन की मौत,

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

कजलाकाल मोड़ में शनिवार को सड़क हादसे में 17 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई, जबकि उसका 14 वर्षीय भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतका लक्ष्मीनारायण रोड पर ग्राम नवलानन्द और बीलखी के बीच हुआ। जानकारी के अनुसार एक परिवार मजदूरी कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर का स्टीयरिंग अचानक फेल हो गया। वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में 17 वर्षीय किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। उसका भाई विजयी बंजारा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत शमशाबाद अस्पताल ले जाया गया। चिंता अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल प्रभारी डॉ. मिनल जटाव ने घायल के उपचार की पुष्टि की है। परिजनों के अनुसार ये नसीराबाद से मजदूरी कर वापस लौट रहे थे। गनीमत यह हादसा ही रहा। घटना के बाद मौके पर जमकर-लोगों का माहौल बन गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों के अवकाश और बीमा क्लेम की नहीं निकल रही राशि

मार्च के अंतिम सप्ताह में कोषालय प्रतीक्षित के चलते रिटायर होने वाले कर्मचारियों के अर्जित अवकाश, बीमा क्लेम, सहित अन्य क्लेम की राशि नहीं निकल पा रही है। पोर्टल पर बिल करने पर मैसेज आ रहा है कि बिल प्रस्तुत करने के लिए सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त करें। ऐसे में ऐसा अधिकारी जिसे पेंशन का आहरण करना रहे है।

सरकारी पोर्टल पर अन्य किसी तरह का क्लेम नहीं हो रहा है। वह अधिकारी-कर्मचारी संघ विदिशा के संरक्षक उदय सिंह हजारी का कहना है कि रिटायर होने वाले कर्मचारियों के अर्जित अवकाश का नकदीकरण किया जाता है। उसी का नकद भुगतान मिलता है। बीमा क्लेम भी राशि में रिटायर होने वाले कर्मचारियों को मिलती है। हर साल 25 मार्च से 5 अप्रैल तक मार्च क्लोजिंग के चलते पोर्टल बंद रहता है। इस बीच इमरजेंसी वाले बिलों का भुगतान भी किया जाता है। शेष अन्य बिलों का भुगतान 5 अप्रैल के बाद किया जाएगा।

एनक्यूएएस फिजिकल असेसमेंट सम्पन्न, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता परखा गया

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

जिले के नटेरन विकासखंड अंतर्गत सामुदायिक उप स्वास्थ्य केंद्र भरसेड़ा में आज शनिवार को एनक्यूएएस (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड) के तहत फिजिकल असेसमेंट किया गया। इस मूल्यांकन का उद्देश्य स्वास्थ्य केंद्र में प्रदान की जा रही सेवाओं की गुणवत्ता, व्यवस्थाओं एवं मानकों का परीक्षण करना रहा। प्रोजेक्ट के दौरान टीम द्वारा अस्पताल की साफ-सफाई, मरीजों को दी जाने वाली सुविधाएं, पंजीयन की उपलब्धता, रिकॉर्ड संधारण, संक्रमण नियंत्रण, प्रसूति सेवाएं एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का बारीकी से निरीक्षण किया गया। साथ ही अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों से फीडबैक लेकर सेवाओं की वास्तविक स्थिति का भी आकलन किया गया। टीएफ को डॉक्टर नीतू राय ने बताया है कि मूल्यांकन टीम ने विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधारों के संबंध में सुझाव भी दिए, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया जा सके। इस दौरान अस्पताल स्टाफ द्वारा अपनी तैयारियों एवं कार्यप्रणाली का प्रस्तुतीकरण भी किया गया।

विधायक श्री मीणा ने दिलाई नरवाई न जलाने की शपथ

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

शमशाबाद विधायक श्री सुरेश मीणा ने आज ग्राम सुतोद में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने पूजा-अर्चना कर कार्यों का शुभारंभ किया और क्षेत्र के विकास को नई गति देने की बात कही।

कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री मीणा ने उपस्थित ग्रामीणों को नरवाई (फसल अवशेष) नहीं जलाने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि नरवाई जलाने से पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचता है, भूमि की उर्वरता घटती है और वायु प्रदूषण बढ़ता है, जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है।

उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर नरवाई का उचित प्रबंधन करें, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता बनी रहे और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिले। शासन द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे कृषि यंत्रों और योजनाओं का लाभ लेने की भी सलाह दी गई।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, वरिष्ठजन एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया और नरवाई न जलाने के संकल्प को अपनाने का आश्वासन दिया।

नगद इनाम की घोषणा

विदिशा। पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी के द्वारा थाना सिविल लाइन विदिशा में दर्ज अपराध क्रमांक 149/2026 की विवेचना धारणी के फरार आरोपियों के जिलेन्द्र उर्फ नितिन पुत्र शिवराज सिंह उर्फ मालन सिंह रघुवंशी निवासी पदमनगर तलाबेली विदिशा और जितेन्द्र बृजपाल तिवारी विदिशा की सूचना देने वाले को क्रमशः दो-दो हजार रुपए (प्रत्येक पर) की नगद राशि देने की उद्घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो पहचान गोपनीय रखा जाएगा।

प्रधान जिला न्यायाधीश ने सब जेल गंजबासौदा का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं पर जताया संतोष

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री शेख रशीद ने आज सब जेल गंजबासौदा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके उचित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

प्रधान जिला न्यायाधीश श्री शेख रशीद ने बंदियों की सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए जेल प्रशासन को सुविधाओं के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जेल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया और पकवासन (स्वीकृति) का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की स्थिति देखी। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने जेल में आवश्यकताओं को संतोषजनक बताते हुए प्रशासन की सराहना की।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री त्रिलोक सिंह तोमर भी उपस्थित रहे। साथ ही जेलर श्री प्रवीण कुमार मार्कंड एवं अन्य स्टाफ सदस्य भी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे।

सुप्रसिद्ध कवि शैलेंद्र चौहान के सम्मान में काव्य संध्या की गई

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

नगरसेवा प्रकाश ललित कला न्यास द्वारा मानस सेवा न्यास परिसर में सुप्रसिद्ध कवि-आलोचक शैलेन्द्र चौहान के सम्मान में एक गरिमामय काव्य संध्या का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नगर के साहित्यकारों, कवियों और संस्कृति-प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शैलेन्द्र चौहान का सम्मान और काव्य-पाठ रहा। उपस्थित कवियों ने समकालीन सामाजिक-राजनीतिक परिवेश, विसंगतियों और मानवीय संवेदनाओं के विविध आयाम मुखरित हुए। आयोजकों ने बताया कि विदिशा से चौहान का गहरा संबंध रहा है और वहीं की अनुभवों ने उनकी साहित्यिक यात्रा को आकार दिया। प्रोफेसर अमृतवी नंदन सिंह का संदेश भी पढ़ा गया। कार्यक्रम की व्यवस्था प्रो. शैलानंद चतौलाल ने की। संचालन सुरेंद्र सिंह कुशवाहा ने किया।

उपाध्याय और हरगोविंद मैथिल ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। प्रस्तुतियों में जनपक्षधरता, सामाजिक विसंगतियों और मानवीय संवेदनाओं के विविध आयाम मुखरित हुए। आयोजकों ने बताया कि विदिशा से चौहान का गहरा संबंध रहा है और वहीं की अनुभवों ने उनकी साहित्यिक यात्रा को आकार दिया। प्रोफेसर अमृतवी नंदन सिंह का संदेश भी पढ़ा गया। कार्यक्रम की व्यवस्था प्रो. शैलानंद चतौलाल ने की। संचालन सुरेंद्र सिंह कुशवाहा ने किया।

जुर्माना

जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर जिला परिवहन विभाग की सख्ती

सूरत से झारखंड जा रही 36 यात्रियों की क्षमता वाली बस में बैठे थे 125 यात्री, 71000 का जुर्माना

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर जिला परिवहन विभाग द्वारा लगातार सख्ती बरती जा रही है। शनिवार को जिला परिवहन अधिकारी निमिषेश वर्मा के नेतृत्व में ग्यारसपुर और सारंग रोड क्षेत्र में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करते पाए गए 8 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। इनमें से 5 वाहनों से शमन शुल्क 1 लाख 14 हजार रुपए और मोटरयान कर 74 हजार 350 रुपए सहित कुल 1 लाख 88 हजार 350 रुपए का राजस्व वसूल गया। 3 वाहनों को जब्त कर ग्यारसपुर थाने में सुरक्षित रखा गया है। चेकिंग के दौरान सबसे गंभीर मामला सुरता से झारखंड जा रही एक यात्री बस का सामने आया। इसमें क्षमता से कई गुना अधिक यात्री भरे हुए थे। 36 सीटरों की क्षमता वाली इस बस में 125 यात्री ठूंस-ठूंसकर बैठे पाए गए। यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करते हुए बस का संचालन किया जा रहा था। इस गंभीर लापरवाही पर परिवहन विभाग ने बस संचालक पर 11 हजार रुपए का जुर्माना लगाकर। बस में अनिवार्य दिशा वाहन भी नहीं पाया गया। यह सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है।

जिला परिवहन अधिकारी निमिषेश वर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा यात्री वाहनों और ढुपहों की दिशा जांच की जा रही है। पिछले एक वर्ष में ऐसी ही अभियान चलाकर 350 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनसे 68 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया है।

पहले भी कार्रवाई

इसी महीने 14 मार्च को भी परिवहन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की थी। तीन परिवहन कार्यालय में पंजीकृत एक बस, जो गिर्जापुर और प्रयागराज होते हुए मजदूरों को लेकर सूरत जा रही थी, उसे सागर क्षेत्रपाल स्थित सोनिया ढाबा के पास रोका गया था। 40 सीटर इस बस में 100 से अधिक यात्री सवार थे। कई यात्री बस की सीटों में बैठे और लेटे हुए पाए गए। इस पर हजारों जुर्माना लगाया गया था।

राज्य स्तरीय दल की अवैध रेत परिवहन पर बड़ी कार्यवाही, 12 वाहन जप्त

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

संचालनालय भौगिकी एवं खनिकर्म द्वारा गठित राज्य स्तरीय दल ने जिला विदिशा में 24 से 27 मार्च तक सघन निरीक्षण अभियान चलाकर अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। इस दौरान जिले की सभी 16 रेत खदानों का मौके पर निरीक्षण किया गया, जिससे खनन गतिविधियों की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके।

निरीक्षण के दौरान टीम ने अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए खनिजों का अवैध परिवहन करते 11 वाहन (डम्पर एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली) तथा अवैध उत्खनन करते 01 वाहन (ट्रैक्टर-ट्रॉली) को जप्त किया। इस प्रकार कुल 12 वाहनों पर कार्रवाई की गई, जो प्रशासन की सख्ती को दर्शाता है। जप्त किए गए वाहनों को संबंधित पुलिस थाना कुरवाई, सहर बासौदा, गुलाबगंज, देहात बासौदा, कंरारिया एवं खनिज कर्मचारी परिसर में सुरक्षित रखवाया गया है। सभी मामलों में विधिवत प्रकरण दर्ज कर लिए गए हैं।

जिला खनिज अधिकारी श्री प्रशांत तिवारी ने बताया है कि संबंधित वाहन संचालकों एवं अवैध उत्खनन-परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत कार्रवाई की जा रही है। इन प्रकरणों को कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा, जहां आगे की वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। भविष्य में भी इस प्रकार के सघन निरीक्षण अभियान जारी रहेंगे, ताकि खनिज संपदा की सुरक्षा और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

चैत्र शुक्ल पक्ष–11,2082 राजगढ, दिन रविवार,दिनांक 29 मार्च,2026

न्यूज गैलरी

पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को किया गिरफ्तार

ब्यावरा। देवास थानान्तर्गत नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस मामले में पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। दरअसल 22 मार्च को नाबालिग घर पर अकेली थी। इसी दौरान आरोपी देवराज (28) निवासी कुंडीखे, थाना बालौदीह उसके घर पहुंचा। किराना दुकान होने के कारण उसने सामान लेने के बहाने बालौदीह की और नाबालिग को बहलाने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपी ने बुरी नियत से उसका हाथ पकड़ लिया। विरोध करने पर उसने जान से मारने की धमकी दी, जिससे नाबालिग भयभीत हो गई। घटना के बाद नाबालिग ने 24 मार्च को हिम्मत कर परिजनों को पूरी बात बताई। इसके बाद पिता के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

घेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

ब्यावरा। सुतालिया थानान्तर्गत बाबल पेट्रोल पंप के सामने जंगल में 60 वर्षीय अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पीएम के लिए पहुंचाकर कार्रवाई कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की शिनाख्त रामेश्वर पिता रामकिशन प्रजापति (50) निवासी बुढ़ा महादेव मंदिर मार्ग के रूप में हुई है। मृतक विधि के बर्तन बनाने का काम करता था और परिवार में तीन बच्चे हैं। आसपास के लोगों ने जब फंदे पर व्यक्ति के लटके होने की जानकारी दी तो पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतारकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए जांच कर रही है।

जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित

सुसनेर। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार मप्र जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मोदी सेक्टर के विभिन्न गांवों में जल संरक्षण को लेकर गतिविधियां आयोजित की गईं। जिला समन्वयक देवेंद्र शर्मा के निर्देशन व विकासखंड समन्वयक सत्यनारायण सोनी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश संस्था सारथी पुष्प मंडल मोदी ने कार्यक्रम संचालित किए। प्रथम चरण में मोदी, जगतपुरा, सिरपोई, देवपुरा व नावली गांवों में जल चौपाल, नदी पूजन, पौधा रोपण, प्रभातफेरी, कलश यात्रा और जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष जागदीश मलहार, विनोद बरेठा, देवकरण विश्वकर्मा सहित कई लोग शामिल रहे।

आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए प्रेजुएशन सेरेमनी

सारंगपुर। वार्ड क्रमांक 4 पंडितवाड़ी में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र प्रथम एवं द्वितीय केंद्र पर लगभग 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए प्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। बच्चों को उनके प्रारंभिक शिक्षा चरण पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र वितरण किए गए। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें कविता पाठ, नृत्य एवं गीत शामिल रहे। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा सोनी एवं सहायक ज्यास, आंगनवाड़ी सहायिका आरती जोशी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। साथ ही रायसिंह अभिभावकों ने भी बच्चों की उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की और आंगनवाड़ी केंद्रों के

सभी सामाजिक प्रतिष्ठान रहे बंद, अखाड़े में शामिल

झांकियों के साथ पुष्पद समाज ने भव्यता से निकाली शोभायात्रा

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

नगर में स्थान–स्थान पर पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत, अभिनंदन

शाली, पुष्पद समाज द्वारा अपने आराध्य भगवान राम का जन्मोत्सव श्रमिकों की धूमधाम एवं शोभायात्रा के साथ मनाया गया। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी यह पल छावनी मैदान तट स्थित सेहरपति हनुमान मंदिर से आरंभ हुआ, जो गाजे–बाजे एवं ढोल–ढमाकों के साथ नाला नंबर–3, मेन मार्केट, जय स्तंभ चौक, किला रोड, गुना होते हुए बड़ा हनुमान मंदिर पहुंचा। यहां पूजा–अर्चना उपरान्त चल–समारोह समाज भवन के भव्य सजे हुए प्रांगण में धर्मशाला पहुंचकर समाप्त हुआ। इस

दौरान स्थान–स्थान पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों, प्रतिष्ठान संचालकों द्वारा पुष्पवर्षा से समाजजनों का स्वागत, अभिनंदन किया गया। जिसमें समाज के सभी महिला, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग शामिल हुए।

पुलिस के जुवाओं ने दिखाए हैरानीजनक करतब

चल–समारोह और शोभायात्रा में प्रमुख आकर्षण का केंद्र अखाड़ा रहा। अखाड़े में शामिल समाज के युवाओं ने लाठबाजी, तलवारबाजी सहित कई हैरतअंगेज करतबों से लोगों का दांतों तले उंगलियां दबाने पर

मजबूर कर दिया। चल समारोह में सुबह के लिहाज से टीआई मंजू मलोनिया और कोतवाली थाने का बल साथ चल रहा था।

भगवान राम की झांकी भी रही आकर्षण का केंद्र

शोभायात्रा में भगवान राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान का साथ भरे बच्चों की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही। इसके साथ ही भगवान की एक अलग झांकी भी साथ चल रही थी। अनेकों महिलाएं, बालिकाएं भी शोभायात्रा में उत्साह के साथ सम्मिलित हुईं एवं भगवान के भजनों पर नृत्य किया।

समूचे प्रतिष्ठान रहे बंद आयोजन के लिए समाजजनों की एकजुटता

भी नजर आई। समाज के सभी प्रतिष्ठान संचालकों ने सुबह से अपनी दुकानें पूरी तरह बंद रखीं ताकि अधिकाधिक जन शोभायात्रा में शामिल हो सकें। धर्मशाला में कई सामाजिक आयोजन संपन्न हुए, जहां अनेकों आयोजनों की सफलता बनाते हुए सहिष्णुताओं का सम्मान किया गया। आयोजन में समाज पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ने सामाजिक उत्थान और सम्मान को और कैसे आगे ले जाया जा सकता है, शिक्षा, युवाओं के उन्मूलन सहित अन्य विषयों पर अपने–अपने उद्बोधन व्यक्त किए। संपूर्ण आयोजन पूरे अनुशासन, सु–व्यवस्थाओं के साथ सम्पन्न हुआ। समापन के अंत में उपस्थित सभीजनों को प्रसाद स्वरूप भोजन कराया गया।

11 केवी का तार टूटा, 6 मवेशियों की मौत

टांडा – शंकरपुर के बीच 11 केवी का तार टूटा, 6 मवेशियों की मौत

डीआर संवाददाता ✍ नरसिंगढ़

ग्राम पंचायत खानपुर के तहत आने वाले ग्राम टांडा और शंकरपुर के बीच शनिवार सुबह किसी विभाग की बड़ी लापरवाही और अभेद्य ठेकेदार ने 6 बेजुबान मवेशियों की जान ले ली। 11 केवी हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से करंट की चपेट में आने से 2 भैंस और 4 गायों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में जिम्मेदार विभाग और ठेका मालिक के खिलाफ भारी आक्रोश है।

ग्रामीणों ने बताया कि सुबह करीब लगभग से 8:00 बजे के बीच जब मवेशियों को चराने के लिए छोड़ा गया, तो वे टांडा और शंकरपुर के बीच स्थित श्रीराम यादव के खेत की ओर चले गए। वहां 11 केवी का हाईटेंशन तार टूटकर जमीन पर पड़ा था। जैसे ही मवेशी पास चले हुए तार के संपर्क में आए, उन्हें लोकदार करंट लगा। देखते ही देखते सेदमन यादव शंकरपुर की 2 भैंस और गोविंद सिंह यादव की 3 गायों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। एक गाय गंभीर

लापरवाही झाड़ियों में छिपाकर रखी डीपी

ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि यह हादसा प्राकृतिक नहीं बल्कि मानव निर्मित है। खेत मालिक श्रीराम यादव द्वारा 11 केवी की मुख्य लाइन से डीपी (ट्रांसफार्मर) का अवैध कनेक्शन करने की घटनीय जानकारी थी। इसी ठेकेदार ने दौरान तार टूटकर नीचे गिर गया। मौके पर एक डीपी भी जमीन पर रखी मिली है जिसे पकड़े जाने के डर से झाड़ियों में छिपाकर छिपाया गया था।

अधिकारियों का पक्ष इंसुलेटर फटने से टूटा तार जब इस संबंध में स्थानीय लाइनमैन अनजद खान से बात की गई तो उन्होंने अवैध कनेक्शन की बात को दरकिनार करते हुए कहा कि तकनीकी खराबी (इंसुलेटर फटने) के कारण तार टूटा है। वहीं, पशु चिकित्सा अधिकारी श्री दिनेश डोडरी ने मृत मवेशियों का पोस्टमार्टम कर रिपोर्ट तैयार की है।

रूप से झुलस गई थी। जिसे बचाने के लिए डॉक्टर को बुलाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।

31 को जुटेगा पूरा जैन समाज, संयुक्त रूप से मनेगा मिलन

डीआर संवाददाता ✍ नरसिंगढ़

जैन समाज में एकता और वात्सल्य भाव को बढ़ाने के लिए भारतीय जैन मिलन की सभी शाखाओं द्वारा आगामी 31 मार्च को भव्य महा मांगलिक मिलन का आयोजन किया जाएगा।

यह निर्णय विगत दिनों नवनियोजित महिला शाखा अध्यक्ष सोना भोपावती के निवास पर आयोजित एक विशेष बैठक में लिया गया। संयोजक सुरभि जैन एवं उप संयोजक निर्मल जैन ने बताया कि कार्यक्रम स्थानीय जिनकल चौबीसी मंदिर के पास स्थित जैन भवन में रात 8:15 बजे से शुरू होगा। आयोजन में सामूहिक पर्यावरण मंत्र का पाठ होगा, जिसके बाद घर विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

इसका होगा सम्मान क्ष राष्ट्रीय सेठी मोहनलाल जैन के अनुसार, सागरोड़ में दिगंबर और श्वेतांबर दोनों समाजों के पदाधिकारियों सहित जैन पाठशालाओं का संचालन कर रहीं दीदियों का विशेष सम्मान किया जाएगा। आयोजन में जैन मिलन, जैन मिलन मंडल, पार्श्व, महिला एवं युवा शाखाओं की संयुक्त सहभागिता रहेगी। सभाजनों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

प्रदेश का पहला जिला राजगढ़ जहां दो ट्रामा सेंटर

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

प्रदेश में राजगढ़ एकमात्र जिला है, जहां पर दो ट्रामा सेंटर होंगे। यहां जिला अस्पताल राजगढ़ के अलावा अब ब्यावर सिविल अस्पताल में भी ट्रामा सेंटर शुरू होने वाला है। जिसकी तैयारियां तेज हो गई हैं। मंगलवार से कार्यकारियों ने बेड, मशीनरी सहित कई उपकरण इंस्टॉल भी कर दिए हैं। सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल एवं सिविल सर्जन राजनीश शर्मा ने शनिवार को अस्पताल में तैयार रहे ट्रामा सेंटर का निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं। हो

दरअसल ब्यावरा से तीन नेशनल हाइवे गुजर रहे हैं। यहां पर चौबीस घंटों भी अधिक होते हैं। बीते तीन सालों में जिले में सड़क हादसों में 874 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। जबकि घायलों की संख्या 2115 है। राजगढ़ जिला अस्पताल में ट्रामा सेंटर तो है, लेकिन ब्यावर से राजगढ़ के बीच की दूरी करीब 28 किमी है। ऐसे में घायल को समय पर इलाज मिलना मुश्किल होता था। इसी वजह से बड़ी नारायण सिंह खंदार बीते दो साल से प्रयास कर रहे थे कि ब्यावर सिविल अस्पताल में ट्रामा सेंटर की सुविधा शुरू हो जाए। अब उपकरणों के लिए बजट मिलते ही सभी उपकरणों की खरीदी कर ली गई है और ट्रामा सेंटर का काम तेज गति से शुरू हो गया है। इंस्टॉल हुए उपकरण भोपाल से आई टीम ने नया विशेषज्ञ दल के सामने ट्रामा सेंटर के लिए निर्मित किए गए कक्ष में मॉनिटर, बेड एवं अन्य उपकरण इंस्टॉल कर दिए हैं।

सीएमएचओ ने किया अस्पताल का निरीक्षण

सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल एवं सिविल सर्जन डॉ राजनीश शर्मा सहित सिविल अस्पताल बालवा पहुंचे थे। यहां पर ट्रामा सेंटर के लिए निर्धारित स्थान देखा। साथ ही जो मशीन इंस्टॉल हुई है, वह सही हुई है या नहीं से भी लेख किया। इसके अलावा ट्रामा सेंटर के लिए अन्य जरूरी कार्यों को लेकर भी सिविल अस्पताल अधीक्षक डॉ जीतन शर्मा को निर्देश दिए गए हैं।

मंदिर प्रांगण की समस्याओं को लेकर समिति ने मंत्री से की मुलाकात

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर।

सुजलाम नगर साक्ष मंदिर समिति के सदस्यों ने शनिवार को सांसद मंत्री गौतम टेटवाल से मुलाकात कर मंदिर प्रांगण में आने विभिन्न समस्याओं पर अवगत कराया। इस दौरान समिति द्वारा समस्याओं के निराकरण हेतु एक आवेदन दिया गया। समिति ने नगर सभी के मंदिर परिसर में सार्वजनिक शौच का निर्माण कराया जाए साथ ही आसित से गाली की शिकायत निवारणी के लिए नाली बनाई जाए। इसके अलावा प्रांगण में बने मढ़ी की मरम्मत कर पेवर्स लगाने, मंदिर परिसर स्थित कुए (कुंडी) की सफाई एवं रिचार्जिंग करने तथा सुरक्षा की दृष्टिकोण से मंदिर के चारों ओर उचित लाइटों की भी मांग की गई। इस दौरान मंत्री गौतम टेटवाल ने समिति की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के साथ एक माह के भीतर पूर्ण कराया जाएगा।

वार्ड 13 में नाली की सफाई नियमित नहीं गंदगी फैली

राजगढ़। वार्ड–13 पंचायत सभी क्षेत्र में नाली की नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी फैल गई है। नाली में जमा कचरा और गंदगी के कारण मच्छर, बदबू और बीमारी का खतरा बढ़ गया है। क्षेत्र के भुक्ता लाला का कहना था। लेकिन वार्ड में सफाई कर्मचारी नियमित रूप से नाली की सफाई नहीं करते हैं। जिससे गंदगी जमा हो गई है। इससे मच्छर, बदबू और बीमारी का खतरा बढ़ गया है। क्षेत्र के भुक्ता लाला का कहना था। लेकिन वार्ड में सफाई कर्मचारी नियमित रूप से नाली की सफाई नहीं करते हैं। जिससे गंदगी जमा हो गई है। इससे मच्छर, बदबू और बीमारी का खतरा बढ़ गया है। क्षेत्र के भुक्ता लाला का कहना था।

मोबाइल चलाने पर डांटा तो बेटे ने लगा ली फांसी

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

देहात थानान्तर्गत बरसोदी राव में 18 वर्षीय नवजवान ने कुए की रस्सी से फांसी लगा ली। परिजनों ने जब रस्सी से किसान को लटके देखा तो तुरंत बाहर निकालकर सिविल अस्पताल तक पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग लायम कर जांच शुरू कर दी है। थानाप्रभारी बरसोदी राव निवासी शाहर सिंह गुर्जर का 18 वर्षीय पुत्र मौके पर खेत पर मौजूद गोविंदपुरा उदय था। खेत से भुक्ता लाला था, लेकिन बेटे को मोबाइल चलाने देने बिना को हुए कहा कि खेत से भूसा लेकर आ जा। इसके बाद गुस्से में विचार उठकर चला गया। परिजनों को लगा कि वह भूसा लेने गया है, लेकिन कुछ देर बाद खेतोंवार पौंचने हुए कुए और बताया कि किसीने कुए की रस्सी से लटका हुआ है। जब परिजन कुए पर पहुंचे तो देखा कि रस्सी निकालने की रस्सी से कंधे से किसीने लटका हुआ था। परिजनों ने उसे तुरंत शहर सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

भड़की आग, 400 क्विंटल भूसा और 50 किलो धनिया जला,

डीआर संवाददाता ✍ नरसिंगढ़

नई सब्जी क्षेत्र के ग्राम रावोद में सनिवार से लगी आग से 400 क्विंटल भूसा और करीब 50 किलो धनिया जलकर खाक हो गया। आग शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा फेंकी गई जलती हुई बीड़ी से लगी थी। जैसे ही आग लगी तो आसपास के लोग एकत्रित हो गए और खेत के ट्यूबवेल से पानी डालकर आग को काबू में किया। हालांकि करीब एक घंटे बाद पंचर डिपोक्ष की गाड़ी मौके पर पहुंच गई थी। गनीमत रही कि आग आसपास के खेतों तक नहीं पहुंची, अन्यथा 500 बीघा क्षेत्र में लगी गेहूं की फसल को नुकसान हो सकता था।

ग्राम सरोदा में ग्रामीणों का खलिहान बना हुआ है। यहां फसलें का कचरा पड़ा हुआ था। शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे अज्ञात व्यक्ति ने इस कचरे में जलती हुई बीड़ी फेंक दी और वहां से चला गया। बीड़ी की चिंगारी से आग पहले ही और फसलें का कचरा जलने लगा। मजबूरन पास ही रखे भूसे तक पहुंच गई। भूसा आग बहुत तेजी से भड़की और देखते ही देखते पूरे क्षेत्र में धुआं–धुआं हो गया। जैसे ही ग्रामीणों को आग की जानकारी हुई तो उन्होंने कचरा बिनोद को फोन किया, लेकिन उसे पहुंचने में करीब एक घंटे का समय लग गया। इसी बीच ग्रामीणों ने पास के खेत में कृष्णपाल लधुसी के ट्यूबवेल से पंहुच कलकर आग बुझाना शुरू कर दिया। कई घंटों की मशक्कत के बाद दोपहर 3:30 बजे तक शनिवार आग पूरी तरह से काबू पा लिया गया।

तैयारियां

हिन्दू उत्सव समिति कर रही समूची तैयारी

हनुमान जन्मोत्सव की शोभा बढ़ाएगा पानीपत हरियाणा के प्रसिद्ध दिलेर खालसा अखाड़ा

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

आगामी 2 अप्रैल को राजगढ़ मुख्यालय पर मनाया जाने वाले हनुमान जन्मोत्सव इस बार कुछ खास होने जा रहा है। रामभक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर प्रतिवर्षानुसार निकलने वाले चल–समारोह के लिए हिन्दू उत्सव समिति ने इस बार पानीपत हरियाणा के प्रसिद्ध दिलेर खालसा (निहंग अखाड़ा) को आमंत्रित किया है। देश भर में प्रसिद्ध यह युवा कई टीवी शो में अपनी प्रस्तुतियां दे चुका है वहीं अनेक रिकार्ड भी इसके नाम पर दर्ज हैं। करीब 18 सदस्यों वाले दिलेर खालसा युवा की प्रस्तुतियों को देखने नगरवासियों में खासा उत्साह नजर आ रहा है।

चल–समारोह के साथ रहेगी हनुमानजी की प्रतिमा

हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष शार्दूल इन्दौरे ने बताया कि चल समारोह के लिए भगवान हनुमान जी मिट्टी की एक आकर्षक प्रतिमा भी बनवाई जा रही है। परम्परानुसार लक्ष्मणनारायण मंदिर से भगवान की पूजा–अर्चना उपरान्त अखाड़े के साथ चल–समारोह आरंभ होगा जो मुख्य मार्गों से होता हुआ शाम तक पूरा क्षेत्र स्थित बड़े हनुमान मंदिर पहुंचकर समाप्त होगा। इस बीच स्थान–स्थान पर अखाड़े के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

नगर में अन्य आयोजन भी होंगे

हनुमान जन्मोत्सव पर उक्त चल समारोह के साथ ही नगर में अन्य आयोजन भी होंगे। नहिंदरो में विशेष पूजा–पाठ के साथ ही भंडारों, प्रसादी का आयोजन करवाए जाने वाले हैं।

नगर न 94 लाख का लागत से बनने वाली सीसी सड़क का विधायक ने किया भूमिपूजन

डीआर संवाददाता ✍ कुरावर

नगर में नगरीय प्रशासन की विशेष निधि से वार्ड 5 एवं 6 में 94 लाख 45 हजार रुपए की लागत से बनने वाली सीमेंट कंक्रीट सड़क 1280 मीटर के लंबे मार्ग का भूमिपूजन रविवार को विधायक मोहन शर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान विधायक शर्मा ने कहा कि कुरावर को ग्राम पंचायत से नगर परिषद में परिवर्तित कर विकास की नई दिशा दी गई है। पहले जहां विकास कार्य नगण्य थे, वहीं अब नगर में लगातार कार्य हो रहे हैं। साथ निर्माण ही आगे भी सुनिश्चित के समय विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

विधायक ने बताया कि जल्द ही पार्षदों गढ़ी पर डैम निर्माण की योजना शासन होगी, जिससे सिंचाई से वंचित गांवों तक पानी पहुंचेगा और कुरावर नगर की पेयजल समस्या का भी समाधान होगा। साथ ही अतिक्रमण में जल अवरोध योजना के अंतर्गत पर पानी नहीं पहुंच पाने पर मिला जलाई। उन्होंने सभी दलों के पार्षदों से अपील करते हुए कहा कि विकास

कार्यों में किसी प्रकार का राजनीतिक कारण नहीं होना चाहिए और सभी को मिलकर काम करना चाहिए। कार्यक्रम को पार्षद प्रतिनिधि श्री रविंद्र मीना एवं मोहन वर्मा ने भी संबोधित किया। संचालन नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबा इसाक चंद्रवाणी ने किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन, नगर परिषद अध्यक्ष बाबान बाई, सभापति अल्पसंख्यक, मंदिरिकोर घटेल, पार्षद गण, लखन सिंह राणा, कैलाश मंडलोई, रामेश्वरम पंचपरिवा, गोविंद मालवीय, महेश भावसार, अल्लाराम पटेल, भजनसा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, महामंत्री रामेश्वर गायक, लखन राजपूत, कैलाश खानगावलिया, जगदीश मदन मनीष नगर, पार्षद अनिल इरवार, रमेश मालवीय, बाबू मीना सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।